C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 76 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार , 2 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## दिल्ली में खराब मौसम के चलते अमित शाह का विमान जयपुर में उतरा, सीएम ने की मुलाक़ात

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

राजधानी दिल्ली में खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार शाम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का विशेष विमान डायवर्ट होकर जयपुर एयरपोर्ट पर उतरा। शाम 7 बजकर 54 मिनट पर एयरक्राफ्ट जयपुर में लैंड हुआ। इस दौरान गृहमंत्री करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज में रुके और बाद में मौसम सुधरने पर रात करीब 9 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। अमित शाह सोमवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे से लौट रहे थे। उन्होंने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के विशेष विमान से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन दिल्ली में मौसम की स्थिति खराब होने के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट ने विमान को जयपुर डायवर्ट कर दिया।

गृहमंत्री के अचानक जयपुर पहुंचने की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य सचिव और डीजीपी एयरपोर्ट पहुंचे और शाह का स्वागत किया। वहीं, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर रहीं।



इधर, दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को दिनभर से जारी बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा । कई इलाकों में जलभराव हो गया ।


## सोशल मीडिया पर फर्जी अवकाश आदेश वायरल, कलेक्टर ने किया खंडन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक फर्जी पत्र वायरल हो गया जिसमें 1 सितंबर को जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की बात कही गई थी। यह खबर अभिभावकों और विद्यार्थियों के बीच तेजी से फैल गई।

कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने इस पत्र को पूरी तरह फर्जी व भ्रामक बताते हुए स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन की ओर से ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह शरारती तत्वों की हरकत है और मामले को गंभीरता से लिया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि फर्जी सूचना फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ पुलिस के माध्यम से सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणिक सूचनाओं पर ध्यान न दें और केवल जिला प्रशासन या सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (पीआरओ) द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।


राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा
कार्यालय आदेश

## जोखिम भरा कदमः ओवरफ्लो पुलिया पार करते समय युवक पानी में बहा, बाइक भी गई

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। तेज बारिश के चलते रासेड गांव की पुलिया पर ओवरफ्लो पानी बह रहा था। इसके बावजूद दो युवक जोखिम उठाते हुए बाइक लेकर पुलिया पर चढ़ गए। इसी दौरान उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और हादसा होते-होते बचा। जानकारी के अनुसार, पुलिया पार करते समय बाइक अचानक फिसलकर बहाव की ओर खिंचने लगी। दोनों युवक उसे संभालने की कोशिश करते रहे, लेकिन पानी का दबाव इतना तेज था कि बाइक बह गई। बाइक को बचाने के प्रयास में एक युवक का भी संतुलन बिगड़ गया । मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को बाहर निकाला । गनीमत रही कि युवक सुरक्षित बाहर आ गया, जबकि उसकी बाइक पानी के तेज बहाव में बह गई।



## आसींद पुलिस ने मंदिर से चांदी का छत्र चोरी का मामला सुलझाया, आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

थाना पुलिस ने चारभुजा नाथ मंदिर से चोरी हुए चांदी के छत्र की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । आरोपी के पास से करीब एक किलो वजनी चांदी का छत्र बरामद किया गया है।


थानाधिकारी हंसपाल सिंह ने बताया की 31 अगस्त को मंदिर पुजारी राजाराम वैष्णव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिन में करीब सवा 11 बजे एक अज्ञात युवक मंदिर से मूर्ति के ऊपर लगा चांदी का छत्र चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।

टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। इसमें करीब 25 वर्षीय युवक संदिग्ध दिखाई दिया। जिसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने के बाद आरोपी की पहचान कर पीडब्ल्यूडी चौराहा



आसींद के पास एक होटल के आगे बरगद के पेड़ के नीचे से उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रहलाद नाथ पिता शिवनाथ योगी निवासी काला मंगरा, दौलतगढ़ थाना आसींद बताया। उसके बैग से चोरी किया गया चांदी का छत्र बरामद हुआ । जिसकी मंदिर पुजारी से शिनाख्त करवाई गई।पुलिस मामले में अग्रिम अनुसंधान कर रही है ।

## शाहपुरा-देवरी में मूसलाधार बारिश से आठ मकान ढहे, जनजीवन प्रभावित













भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

पेसवानी- शहर में सोमवार सुबह से ही मूसलाधार बारिश का दौर चला , जिसने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। खासकर बिलिया पंचायत के अंतर्गत देवरी गांव के भील मोहल्ले में बारिश का कहर सबसे ज्यादा देखा गया। तेज बारिश के चलते एक-एक कर आठ कच्चे मकान पूरी तरह ढह गए। सौभाग्य से हादसे के समय सभी परिवारजन सुरक्षित बाहर थे, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन अचानक मकानों के ध्वस्त होने से पूरे मोहल्ले में भय और चिंता का माहौल फैल गया।

### प्रभावित परिवार-

पंचायत समिति सदस्य सांवरलाल गुर्जर ने बताया कि घटना में भील समाज के आठ परिवार–घीसी, प्रेमी, छोटी, चंदु, प्रहलाद , बालु, अमरचंद और रतन के मकान ढह गए । जिससे वो अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

### प्रशासन को सूचना और ग्रामीणों की मांग-

गुर्जर ने तुरंत तहसील और पंचायत प्रशासन को घटना की जानकारी दी। प्रभावित परिवारों को राहत और अस्थायी आवास उपलब्ध कराने की मांग की गई। ग्रामीण चाहते हैं कि मुआवजा और पुनर्निर्माण की कार्रवाई जल्द की जाए और बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### शाहपुरा शहर में भी हालात खराब-

अल सुबह से हुई बारिश ने शहर में भी जनजीवन प्रभावित किया। रावला घाट, तहनाल गेट, क्लिंजरी गेट, श्री राम टॉकीज के पीछे पिवनिया तालाब की चादर, त्रिमूर्ति चौराहा, कुंडगेट के बालाजी, रामद्वारा के बाहर और शाहपुरा पुलिस चौकी में पानी भर गया है। इस कारण लोगों को आवागमन में कठिनाईयो का सामना करना पड़ा ।

## पारिवारिक विवाद में बेटे ने पिता पर किया धारदार हथियार से हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर की जमना विहार कॉलोनी में पारिवारिक विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे ने अपने ही पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिता का जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में इलाज चल रहा है, जबकि घटना के बाद नाबालिग बेटा फरार हो गया।

जमना विहार कॉलोनी निवासी सुनील मेवाड़ा ने पुलिस को बताया कि शनिवार को बेटे से झगड़े के बाद वे गुस्से में उज्जैन चले गए थे। सोमवार सुबह करीब 8 बजे लौटकर जब घर पहुंचे तो पत्नी से बातचीत के दौरान बेटा अचानक गुस्से में आ गया और मारपीट करने लगा। इसी दौरान उसने धारदार हथियार से उनके प्राइवेट पार्ट पर वार कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## पुलिस ने 44 किलो डोडा-चूरा सहित कार की जब्त , एक आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ से भरी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा को सूचना मिली थी कि एक सफेद कार तेज गति से बीगोद की ओर से आ रही है, जिसमें संदिग्ध माल भरा हुआ है।सूचना पर पुलिस टीम ने मय जाब्ता सवाईपुर रोड पर नाकाबंदी की। जहाँ कुछ देर बाद संदिग्ध कार आई, जिसे घेराबंदी कर रोका गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें रखे दो प्लास्टिक कट्टों से 44 किलो 480 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ।

C M Y K

# भीलवाड़ा में शिव महापुराण कथा स्थगित, भारी बारिश से आयोजन स्थल डूबा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

धर्मनगरी भीलवाड़ा में 9 से 15 सितम्बर तक प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से होने वाली श्री शिव महापुराण कथा फिलहाल स्थगित कर दी गई है। आयोजन समिति ने यह निर्णय भारी बारिश से उत्पन्न हालात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया।



आयोजन के सूत्रधार श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज, कथा समिति अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी और कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि आयोजन की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। इसके लिए वे सिहोर स्थित पंडित प्रदीप मिश्रा के प्रतिनिधियों से लगातार संपर्क में हैं।

भीलवाड़ा में कथा को लेकर उत्साह का माहौल था और समिति द्वारा लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही थीं। कथा स्थल मेडिसिटी ग्राउंड पर वाटरप्रूफ डोम लगाने का काम शुरू हो चुका था और पार्किंग, भोजन, आवास की भी विस्तृत व्यवस्थाएं की गई थीं। लेकिन शुक्रवार की भारी वर्षा के बाद मैदान में पानी भर गया और सोमवार को हुई तेज बरसात ने हालात और बिगाड़ दिए।

सोमवार दोपहर समिति कार्यालय पर हुई बैठक में महंत बाबूगिरी महाराज और विधायक अशोक कोठारी की मौजूदगी में पदाधिकारियों ने हालात का अवलोकन कर निर्णय लिया कि वर्तमान प्रतिकूल परिस्थिति में कथा आयोजन संभव नहीं है। समिति ने आश्वस्त किया कि नई तिथि तय होते ही भीलवाड़ा में कथा का आयोजन अवश्य होगा और तैयारियां उसी उत्साह के साथ जारी रहेंगी।

बैठक में कथा समिति के संयोजक गजानंद बजाज, महासचिव पीयूष डाड, कन्हैयालाल स्वर्णकार, पंडित अशोक व्यास, रजनीकांत आचार्य, मंजू पोखरना, बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वरलाल ईनाणी, जगदीश वैष्णव, पवन पंवार, कैलाश सोनी, सत्यनारायण गुगगड़, भवानीशंकर शर्मा, ललित सोमानी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कुशायता का राजोला तालाब फूटने के कगार पर, ग्रामीण और प्रशासन अलर्ट



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को कुशायता का राजोला तालाब फूटने की कगार पर पहुंच गया है। तालाब के कटाव क्षेत्र में स्थानीय लोग कट्टों में मिट्टी भरकर तात्कालिक रूप से बांध मजबूत करने की कोशिश में जुटे हैं, ताकि गांव में बाढ़ का खतरा कम किया जा सके। स्थानीय प्रशासन ने भी तालाब की निगरानी बढ़ा दी है और लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है ।

## शक्करगढ़ पंचायत क्षेत्र में गंदगी का अंबार, ग्रामीण आक्रोशित



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से गांवों में गंदगी और कीचड़ का साम्राज्य फैल गया है। नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं, मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और कई लोग डेंगू व वायरल से बीमार पड़ रहे हैं। सरपंच मनभर देवी ने बताया कि अगस्त में दो बार विकास अधिकारी को शिकायत की है और लिखित में आदेश मांगे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महीनों से सफाई कर्मचारी नजर नहीं आए। खेजड़या गांव की स्थिति सबसे खराब बताई जा रही है, जहां कीचड़ से रास्ते बंद हो चुके हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 7 दिन में सफाई शुरू नहीं हुई तो पंचायत भवन पर ताला लगाकर धरना देंगे ।

## बाकरा-खजूरी सड़क पर 11 हजार केवी लाइन के पोल खतरे में



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से बाकरा-खजूरी सड़क पर पुलिया के पास लगे 11 हजार केवी लाइन के पोल झुक गए हैं। सड़क के ऊपर झूलते तार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पोल की नींव बारिश से खोखली हो चुकी है और कभी भी गिर सकते हैं। उन्होंने मांग की कि विद्युत विभाग तुरंत पोलों को सीधा कर नींव मजबूत करे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता है।

## लगातार हो रही बारिश से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं, मकान भरभराकर गिरा



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

क्षेत्र के बालापुरा गांव में लगातार बारिश के कारण एक मकान की दीवार भरभराकर गिर गई। सौभाग्य रहा कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मकान मालिक जगन्नाथ पुत्र कालू गुर्जर उस समय खेत में चारा लेने गए हुए थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह मकान वर्ष 2010 में आवास योजना के तहत बनाया गया था, लेकिन कई वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं की गई थी। लगातार बारिश से दीवारों में सीलन भर गई थी और आखिरकार बारिश का दबाव सहन न कर पाने के कारण दीवार गिर गई।

# कोटड़ी में श्रीचारभुजानाथ दरबार का भव्य जलझूलन महोत्सव

### बालकों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बिखेरी छटा, भक्तों का उमड़ा सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम श्रीचारभुजानाथ दरबार में चल रहे भव्य जलझूलन महोत्सव के तहत सोमवार को स्थानीय विद्यालयों के बालकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया और सचिव श्यामसुंदर चेचाणी ने दीप प्रज्वलित कर किया। निजी विद्यालयों के नन्हे विद्यार्थियों ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। शिव-पार्वती, श्रीराम, हनुमान और अन्य देवताओं की जीवनी पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अभिभावक भी बालकों की प्रस्तुतियों को देख गर्व से झूम उठे। विशाल वाटरप्रूफ पांडाल खचाखच भरा रहा।

ट्रस्ट अध्यक्ष गाड़ोदिया ने बताया कि मंगलवार को तेजा दशमी पर रात्रि में छोटू सिंह रावणा और गोकुल शर्मा की भजन संध्या आयोजित होगी। 3 सितम्बर को जलझूलन एकादशी पर त्रिवेणी से लाए गए जल व दूध से अभिषेक होगा। दोपहर 3 बजे रत्नजड़ित रेवाड़ी में भगवान की निज प्रतिमा विराजमान कर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें विभिन्न मंदिरों की प्रतिमाएं भी बेवाण में विराजमान होकर भक्तों के कंधों पर जलझूलन के लिए निकलेंगी। धर्माऊ तालाब पर झूलने के बाद भगवान रातभर भक्तों के कंधों पर विराजमान रहेंगे। 4 सितम्बर को वामन जयंती पर सुबह 9 बजे भगवान पुनः निज धाम पर विराजमान होंगे और मेला संपन्न होगा।

मेले के दौरान सोमवार को भगवान को अर्पित आभूषणों का तोल प्रशासन की मौजूदगी में किया गया। तहसीलदार रामकिशोर मीणा, ट्रस्ट पदाधिकारियों, पुजारी परिवार और



सोनी समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर में पुलिस सुरक्षा के बीच यह प्रक्रिया हुई। प्रभु के आभूषण देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

मंगलवार शाम से जिलेभर सहित मांडलगढ़, जहाजपुर, सवाईपुर, काछोला और शाहपुरा मार्ग से पदयात्रियों का सैलाब कोटड़ी पहुंचेगा। भक्तों के स्वागत के लिए कस्बे में लगभग 80 लंगरों की व्यवस्था की गई है। इनमें भोजन, फल, शीतल पेय और चाय-दूध की सेवा होगी।

राधा अष्टमी पर 1151 किलो शक्कर से बने छप्पनभोग पैकेट तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें देर रात भक्तों में वितरित किया जाएगा।

जलझूलन महोत्सव के चलते भक्तों की भीड़ को देखते हुए भगवान श्रीचारभुजानाथ रात 12 से 1 बजे तक विश्राम करेंगे। इसके बाद पुनः पट खोल दिए जाएंगे और रातभर भक्त दर्शन कर सकेंगे।

# सवाईपुर क्षेत्र में 5 घंटे में सवा इंच बारिश, नदी-नालों में आई आवक

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के गांवों में रविवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर सोमवार दोपहर तक जारी रहा। मध्यरात्रि के बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश सुबह तक रुक-रुककर चलती रही। वहीं सुबह करीब 7:30 बजे आधे घंटे तक झमाझम बरसात हुई, जिसके बाद दोपहर 12:30 बजे तक मध्यम गति से वर्षा का क्रम बना रहा।



लगातार हुई बरसात से क्षेत्र में पांच घंटे में सवा इंच बारिश दर्ज की गई। बारिश से नदी-नालों में पानी की आवक बढ़ गई और जलाशयों में भी नई आमद शुरू हो गई।

# काछोला में लगातार बारिश, जनजीवन प्रभावित

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

क्षेत्र में सोमवार सुबह से शाम तक लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। नदियाँ-नाले उफान पर हैं, कई गाँवों का संपर्क टूट गया है। प्रतापसागर तालाब भर गया और कुंडिया बाँध के पानी से राजगढ़-काछोला मार्ग बंद हो गया। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और रपटों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।



## QUICK BITES

### सीमन्धर जिनालय में दश लक्षण महापर्व उत्साहपूर्वक जारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



श्री सीमन्धर जिनालय में दश लक्षण महापर्व का आयोजन श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया जा रहा है। 28 अगस्त से शुरू हुए 10 दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित हो रही हैं, जिनमें बड़ी संख्या में समाजजन भाग ले रहे हैं। विशेष अवसर पर दिल्ली से पधारी राजकुमारी दीदी और मुंबई से पधारे वृश्चिक भैया का सानिध्य पूरे कार्यक्रम में मिल रहा है। इनके मार्गदर्शन में प्रतिदिन सुबह जिनेंद्र पूजन, स्वाध्याय कक्षाएँ, भक्ति और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं।

### राष्ट्रीय विमुक्त जाति दिवस पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**( मानव तिवाड़ी )** राष्ट्रीय विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विमुक्त एवं घुमंतू समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से प्रभावी रूप से जोड़ने की मांग उठाई गई।

ज्ञापन में बताया गया की समाज का एक बड़ा वर्ग अब भी सरकारी योजनाओं से वंचित है और शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्षरत है। उन्होंने मांग की कि इस समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष पहल की जाए। इसके लिए शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हो तथा योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में समाज के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में लाभचंद कंजर, नंदराम कंजर, सांवरिया कंजर, अनिल कंजर, महेंद्र जोगी, तेजू जोगी, गोपाल नाथ, पिंटू नाथ, रतन नाथ, देवानाथ, कैलाश नाथ, गायत्री व इंद्रा नाथ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# अमेरिका में धूमधाम से मनाया गया श्रीचंद्र जी महाराज का 531वाँ प्राकट्य उत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**पेसवानी।** जगतगुरु श्री श्रीचंद्र जी महाराज का 531वाँ प्राकट्य उत्सव अमेरिका की पावन धरा पर आस्था और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन एलिकॉट सिटी (मैरीलैंड) में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन जी महाराज के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीचंद्र जी महाराज की रजत मूर्ति के अभिषेक व पूजन से हुआ, जिसके बाद मंगल आरती व भजन-कीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। इस भव्य आयोजन का संचालन विकास और प्रिया मूलचंदानी ने किया। इसमें विजय और रचना राठी, सुकेतु, तन्वी और आदित्य शाह सहित उनके परिजन तथा स्थानीय भारतीय समुदाय के अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए। पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें भक्तों ने सामूहिक भक्ति और सेवा का अनुभव किया।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अमेरिका समयानुसार शाम 5.30 बजे और भारत समयानुसार सुबह 3.30 बजे किया गया, जिससे दोनों देशों के हजारों भक्त एक साथ जुड़े। स्वामी हंसराम जी के आध्यात्मिक मार्गदर्शन ने प्रवासी भारतीयों को अपनी संस्कृति और धर्म से जोड़ने का संकल्प दिलाया।

## दस लक्षण महापर्व में मनाया गया उत्तम सत्य धर्म, मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



दस लक्षण धर्म महापर्व के तहत सोमवार को नगरभर में उत्तम सत्य धर्म दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तपोदय तीर्थ सहित सभी जिनालयों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। बड़े मंदिर में शांति धारा का पुण्यार्जन सीमा गोधा और उनके परिवार को मिला।

इसके बाद सामूहिक पूजन में श्रावकों ने भक्ति भाव से अर्घ समर्पित किए।

तपोदय तीर्थ पर पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उत्सव का माहौल और अधिक जीवंत बना दिया। वहीं बड़े मंदिर में जैन धर्म पर आधारित ÷एक और एक ग्यारह÷ प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को महापर्व के तहत सुगंध दशमी पर्व मनाया जाएगा।

# बारिश में फीका रहा सवाईपुर का तेजाजी मेला

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव )** - कस्बे के तेजाजी चौक पर सोमवार को एक दिवसीय मेला आयोजित हुआ, लेकिन लगातार बारिश के चलते रौनक फीकी रही और भीड़ कम रही। दोपहर बाद मेले में आसपास के गांवों से ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे पहुंचे। बच्चों ने झूले व चकरी का आनंद लिया, वहीं महिलाएं और युवतियों ने खरीदारी की। मेले में सवाईपुर चौकी पुलिस की भी तैनाती रही।



# पर्युषण महापर्व के पांचवें दिन सत्य धर्म की आराधना की

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया



**(विकास जैन)** चांद जी की खेड़ी दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व के तहत सोमवार को पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं ने सत्य धर्म की आराधना की। इस अवसर पर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

समाज के वीरेंद्र पहाड़िया ने बताया कि प्रतिदिन प्रातःकाल अभिषेक, शांतिधारा और पूजन किए जा रहे हैं। सोमवार को शांतिधारा वीरेंद्र कुमार, विकास चंद, शुभम कुमार, अर्पित व अक्षत पहाड़िया परिवार की ओर से की गई। पूजन में पंचमेरु, दशलक्षण धर्म सहित अन्य पूजन संगीतमय व नृत्य के साथ संपन्न हुए।

मंदिर में आयोजित पूजा-अर्चना में हिरालाल पाटनी, मनोहरलाल पाटनी, सुजानमल पाटनी, कैलाश काला, विशाल काला, अभिषेक काला, विकास जैन, जीतेंद्र पाटनी, दीपक पाटनी, दिलीप पाटनी व कमलेश बगड़ा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। मंगलवार को मंदिर परिसर में धूप खेय कर सुगंध दशमी मनाई जाएगी।

# भीलवाड़ा साड़ी डीलर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



साड़ी डीलर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव एक निजी रिसोर्ट में धूमधाम से मनाया गया। इसमें लगभग 180 परिवारों ने खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पहले सत्र में महिलाओं की पूल पार्टी, हाउजी व डांस प्रतियोगिता हुई, वहीं आम सभा में नव कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से उत्तम कुमार सूरिया अध्यक्ष और सम्पत चिपड़ वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने।

दूसरे सत्र में क्रिकेट प्रतियोगिता हुई जिसमें कोठारी ब्लास्टर्स विजेता और दुल्हन किंग्स उपविजेता रही। सिद्धार्थ पानगड़िया को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

# शाहपुरा में 'हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



स्वामी विवेकानंद राजकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान शपथ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की शपथ ली। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने कहा कि प्रत्येक कार्य राष्ट्र के लिए समर्पित होना चाहिए और सकारात्मक वातावरण में आगे बढ़ना सफलता की कुंजी है।

अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के धर्म नारायण वैष्णव ने बताया कि 1 लाख से अधिक विद्यालयों में यह शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एक करोड़ से अधिक शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हैं। प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बच्चों की राष्ट्रीय हित में भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने किया।

# अतिवृष्टि से 70-80 प्रतिशत खरीफ की फसल चौपट, किसानों ने मांगा मुआवजा


**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



ऊपरमाल क्षेत्र के किसानों की खरीफ की फसलें इस वर्ष हुई अतिवृष्टि से बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। सोमवार को ऊपरमाल किसान पंचायत की ओर से किसानों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर फसल नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की।
ज्ञापन में बताया गया कि इस बार क्षेत्र में मक्का, सोयाबीन, मूंगफली और उड़द-मूंग जैसी फसलों की बुवाई की गई थी। लेकिन लगातार भारी वर्षा से खेतों में पानी भर जाने के कारण लगभग 70 से 80 प्रतिशत फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, मगर अतिवृष्टि ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।
किसानों ने बताया कि कृषि ही उनकी आय का एकमात्र साधन है। फसल खराब होने से वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं और परिवार का पालन-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि फसल पर किया गया खर्च तक भी नहीं निकल पा रहा। किसान पंचायत ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए, ताकि उनकी बिगड़ती आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। ज्ञापन देने के दौरान क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# कोटड़ी में किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को भारतीय किसान संघ ने ग्राम समिति अध्यक्ष नानालाल अहीर के सानिध्य में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भेरूलाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष सम्पत कुमार माली ने बताया कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में सिंचाई, बिजली, सहकारिता, फसल बीमा, आपदा अनुदान, समर्थन मूल्य, विपणन और राजस्व से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। इसके साथ ही रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कर डामरीकरण, चारागाह भूमि का संरक्षण, स्वच्छ जल आपूर्ति, फसल खराबे पर मुआवजा, बीमा क्लेम, नदियों में प्रदूषण पर कार्रवाई और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा जैसे मुद्दे उठाए गए। इस मौके पर समिति मंत्री ओमप्रकाश पारीक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारी बारिश में किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



लगातार बारिश के बीच सैकड़ों किसानों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर तहसीलदार शैतान सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा इस वर्ष खरीफ फसल में प्राकृतिक आपदा से 8 ग्राम पंचायतों के किसान प्रभावित हुए, लेकिन उन्हें मुआवज़ा और ऋण राहत अभी तक नहीं मिली।
किसानों ने चेतावनी दी कि अगर अगले 15 दिन में राहत राशि और ऋण माफी नहीं हुई, तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में विशेष गिरदावरी और पारदर्शी तरीके से मुआवज़ा वितरण की भी मांग की गई। आंदोलन में जीएसएस अध्यक्ष राधेश्याम कंजर, जनसेवक हरीश चौधरी, उपसरपंच उदय लाल धाकड़ और अन्य किसान शामिल थे।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** भारतीय किसान संघ ने सोमवार को सवाईपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर किसानों की सिंचाई, बिजली, फसल बीमा, आपदा अनुदान, समर्थन मूल्य, विपणन और राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सवाईपुर तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल प्रजापत के सानिध्य में दिए गए इस ज्ञापन में रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करने, चारागाह भूमि संरक्षण, स्वच्छ जल आपूर्ति, अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों की गिरदावरी, फसल बीमा क्लेम, सहकारी समितियों में पारदर्शिता और जंगली जानवरों से फसलों को बचाने जैसे मुद्दे उठाए गए। इस दौरान भैरूलाल जाट, सांवर वैष्णव, अमरचंद गाडरी, जगदीश चंद्र श्रोत्रिय, ओमप्रकाश काष्ट, कालु सुवालका, रामपाल जाट और राकेश जाट सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# गोरधा में बारिश से गरीब किसान परिवार बेघर

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

गोरधा गांव में लगातार बारिश के चलते अणदाराम मीणा का कच्चा मकान ढह गया। इस दौरान परिवार घर पर नहीं था, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन चार सदस्यीय परिवार अब खुले आसमान के नीचे तिरपाल डालकर रहने को मजबूर है। अणदाराम मीणा सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, मकान उजड़ने से उनकी आजीविका और जीवन संकट में हैं। परिवार ने प्रशासन से तत्काल राहत और स्थायी आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।



# आकोला में भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(जसवंत पारीक)** कृषि व किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को आकोला कस्बे में भारतीय किसान संघ ने ग्राम पंचायत भवन पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ई-मित्र संचालक राजू सुथार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम संबोधित किया गया।
जिला अफीम आयाम प्रमुख रामपाल जाट ने बताया कि आकोला व खजीना क्षेत्र के किसानों को सिंचाई, बिजली, सहकारिता, फसल बीमा, आपदा अनुदान, समर्थन मूल्य, फसल विपणन और राजस्व-उपनिवेशन संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर संघ ने ज्ञापन सौंपा है।
इस दौरान खजीना ग्राम समिति अध्यक्ष उदयलाल जाट, तहसील बड़लियास आयाम प्रमुख भंवरलाल सुथार, ग्राम समिति मंत्री जगदीश भारती, युवा प्रमुख रामसुख सुथार, अंबालाल जाट, महावीर जाट, महिला सदस्य संजू जाट तथा आकोला इकाई सदस्य चांदमल डाड, लादूलाल श्रोत्रिय और सांवरमल बलाई मौजूद रहे।

## QUICK BITES

# जयश्री सांवरिया मित्र मंडल की पदयात्रा आज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जयश्री सांवरिया मित्र मंडल, वार्ड संख्या 4, भीलवाड़ा की ओर से श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक यात्रा मंगलवार, 2 सितम्बर को सुबह 11 बजे बिलिया चारभुजा मंदिर से प्रारंभ होगी।
पदयात्रा भावनी मेडिकल से होते हुए श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर तक पहुंचेगी। इस दौरान श्रद्धालु प्रभु चारभुजा नाथ एवं श्री कोटड़ी श्याम के पावन जयकारों के साथ आगे बढ़ेंगे। आयोजन श्री फैशन एवं देवेंद्र सिंह खंगारोत द्वारा किया जा रहा है।

# गेगा का खेड़ा में 3 सितंबर को भगवान लक्ष्मी नाथ का फूलडोल महोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** कस्बे के निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव में भगवान लक्ष्मी नाथ का फूलडोल महोत्सव बुधवार, 3 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। फूलडोल कमेटी के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अभिषेक अनुष्ठान से होगी। दोपहर 2:15 बजे भगवान बेवाण में विराजमान होकर बनास नदी में जल झूलन के लिए जाएंगे। इसके बाद शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर शाम 8:15 बजे ग्रिड सब स्टेशन के पास काला खांखरा मैदान पहुंचेगी।
यहां रात 9:15 बजे गणपति वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। भजन गायक प्रकाश दास महाराज, पूरण गुर्जर, अलका शर्मा, मानाराम सहित नृत्य कलाकार आरोही नायक, सोनू सैनी, लक्की उड़ान और राजू चौधरी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# आकोला व जीवा का खेड़ा में आज लगेगा तेजाजी महाराज का मेला

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**





**जसवंत पारीक ।** कस्बे में सोमवार को तेजाजी महाराज मंदिर पर पंडित अनमोल कृष्ण महाराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसमें तेजा नवयुवक मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।
तेजाजी महाराज का वार्षिक मेला मंगलवार को बनास नदी किनारे स्थित तेजा स्थानक पर आयोजित होगा। मेले की तैयारियां तेजा नवयुवक मंडल और ग्रामीणों द्वारा पूरी कर ली गई हैं।
वहीं निकटवर्ती जीवा का खेड़ा गांव में भी तेजाजी महाराज का मेला आयोजित होगा। इस अवसर पर तेजा स्थान को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है।

# बबराणा में तेजा दशमी पर निकाली ध्वज यात्रा, एकदिवसीय मेले में उमड़ा उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**



उपखंड क्षेत्र के बबराणा गांव में सोमवार को तेजा दशमी के अवसर पर तेजाजी का एकदिवसीय मेला आयोजित हुआ। सुबह 9 बजे तेजाजी स्थानक से डीजे के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई, जो शिव मंदिर, बड़े चारभुजा मंदिर और भदेरिया भैरुनाथ मंदिर होते हुए पुनः तेजाजी स्थानक पर सम्पन्न हुई। ध्वज यात्रा में सरदारनगर, कंकोलिया, मोतीपुरा, गाडरी खेड़ा, गोपालपुरा और कुंवार गांव से भी झंडियां लाई गईं। लगातार बारिश के बावजूद ग्रामीणों में उत्साह देखने लायक रहा। मेले में बच्चों ने चाट-पकौड़ी व आइसक्रीम का आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।